TATA POWER-DDL

(दिव्यांग व्यक्तियों की क्षमता में विश्वास रखिए)

# विकलांग मार्गदर्शन केन्द्र

दिव्यांगजनों को सुविधाएँ पहुँचाने वाला केन्द्र)

## टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड

एवम्

## विकलांग सहारा समिति दिल्ली

द्वारा आयोजित दिव्यांग चौपाल

Office: G-Block, Basti Vikas Kendra, Mangol Puri, Delhi-110083
Visit us :- vssdngo.org • Email:- vssd1994@gmail.com • Off. : 011-41227148, 9953051136, 9899615733
Follow us:

# दिव्यांग चौपाल का आयोजन



Estd. 1994

**विकलांग सहारा समिति दिल्ली**

*मुख्यालय : जी-ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मंगोल पुरी, नई दिल्ली-83*

Ph. : 9953051136, 9212381733, 9899615733
Visit us : vssdngo.org • E-mail : vssd1994@gmail.com

## संस्था का परिचय :–

विकलांग सहारा समिति दिल्ली ( Regd. Under Society Registrar Act 1960 of Govt. of NCT of Delhi Regd. No-) यह एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) है जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व पंजीकृत है। इसका पंजीकृत कार्यालय जी–ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मंगोलपुरी दिल्ली–10083 है। विकलांग सहारा समिति दिल्ली इस नाम से दैनिक समाचार पत्र और साप्ताहिक समाचार पत्र भी कई सालो से प्रकाशित होते आ रहा है जिसके दिल्ली व दिल्ली से बहार इंटरनेट के माध्यम से असंख्य वाचक है।

## संस्था का कार्यक्षेत्रः–

विकलांग सहारा समिति दिल्ली राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत ळें उपरोक्त संस्था दिव्यांगजन/बुर्जुग/महिला/युवाओं के लिए कल्याणार्थ के कार्य करती आ रही है, एवं उनके अधिकारों को प्राप्त करने हेतु उन्हें जागरूक करती है साथ ही आवश्यकता पड़ने पर उन्हें विधिवत सहायोग करती है।

## संस्था का उद्देश्यः–

संस्था का उद्देश्य  दिव्यांगजनों के विरूद्ध होने वाले अत्याचार, वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुराचार व कम आयु के बाल/बालिकाओं के साथ हाने वाले विभिन्न अपराधो (बाल विवाह कन्या भ्रूण हत्या, बाल मजदूरी, बाल यौन उत्पीड़न कामगारों के अधिकारों के हनन के मामलों व किसी भी प्रकार का भेद भाव चाहे वह जाति का हो या दिव्यांगता का, दलितों या पिछड़ी जातियों के विरूद्ध होने वाले अत्याचारों, अल्पसंख्यकों से जुड़े अधिकार, सरकारी अधिकारियों द्वारा तय सीमा में अपने कार्यो का निर्वहन ना करना, मूलभूत आवश्यकता यथा बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, शिक्षा इत्यादि के लिए निष्पक्ष व निर्भीक होकर कार्य करती  है। इन सभी कार्यो में संस्था राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय अनूसूचित जाति जनजाति आयोग, कामगार आयोग, विधि सेवा आयोग जैसे राष्ट्रीय व राज्यों द्वारा स्थापित आयोगों के सहयोग से नागरिकों के लिए न्याय की व्यवस्था करना है। संस्था का मूल उदे्श्य जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है। जिसके लिय जनसहायोग आवश्यक है।

रिपोर्ट :–     दिव्यांगजन चौपाल

दिनांकः–     **09-05-2026**,

स्थानः–     जी–ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मंगोलपुरी दिल्ली–110083,

## 1. परिचय

विकलांग सहारा सममित दिल्ली, नें दिव्यांग चौपाल का आयोजन किया। इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय दिव्यांगजनों को सरकारी एवं गैर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था, उनके सामने आने वाली समस्याओं को सुनना और मौके पर ही उनका निराकरण करना था। इस कार्यक्रम में 50, से अधिक दिव्यांगजन, उनके परिजन उपस्थित रहे।

## 2. मुख्य अतिथि

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया, एवं अन्य गणमान्य लोग भी शामिल थे।

## 3. चौपाल में चर्चा के मुख्य विषय

चौपाल के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गईः–

- दिव्यांगता पेंशन योजना की और आवेदन प्रक्रिया।
- यूडीआईडी (UDID– यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) कार्ड बनवाने के लाभ और ऑनलाइन आवेदन।
- सहायक उपकरण (व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन (श्रवण यंत्र) के लिए पंजीकरण।
- शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार के लिए ऋण योजनाएं।
- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत कानूनी अधिकार।

## 4. दिव्यांगजनों की समस्याएं और शिकायतें

चौपाल में उपस्थित दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याओं को साझा कियाः–

- पेंशन मिलने में देरी या कागजी कार्यवाही में परेशानी।

- दिव्यांग प्रमाण पत्र नवीनीकरण (Renewal) की समस्या।
- अस्पताल एवं सार्वजनिक स्थानों पर रैंप या लिफ्ट की कमी।

## 5. समाधान

दिव्यांग चौपाल में उपस्थित संस्था के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल जी ने समस्याओं का तत्काल समाधान कियाः–

- 8 दिव्यांगजनों के पेंशन आवेदन मौके पर ही स्वीकार किए गए।
- 12, दिव्यांग लोगों को मौके पर ही सहायता उपकरण (जैसे– व्हील चेयर, टाईसाईकिल, कान की मशीन इतयादि।
- UDID कार्ड के लिए पंजीकरण के लिए तत्काल शिविर लगाया जाऐगें।

## 6. निष्कर्ष

यह दिव्यांग चौपाल दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होगी। संस्था के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल जी  ने आश्वासन दिया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी समय–समय पर किए जाएंगे ताकि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन सकें।

**रिपोर्टकर्ता**<br>
**धनु गुरुंग**<br>
**पंजीकरण अधिकारी**



# कार्यक्रम की कुछ झलाकियां












